वन मंत्री ने अधिकारियों को लगाई फटकार

उदयपुर, (कासं)। राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने उदयपुर में वन विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कोई ड्यूटी पर हो और हाजिरी रजिस्टर में साइन नहीं करें। यह गलत बात है। ये खुद का घर है क्या जो मनमर्जी चलाए।मंत्री गुरुवार सुबह उदयपुर के सज्जनगढ अभयारण्य और सज्जनगढ बायोलॉजिकल पार्क में आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने बायोलॉजिकल पार्क में रेंजर कार्यालय में उपस्थिति रजिस्टर देखा। रजिस्टर में कुछ कर्मचारियों के साइन नहीं थे। उन्होंने वाइल्डलाइफ डीएफओ सुनील सिंह और रेंजर प्रभुलाल मीणा से सवाल किए।

नाम परिवर्तन

मैं मुकेशकुमारभार्गव (Mukesh Kumar Bhargav) पुत्र भंवरलाल भार्गव निवासी नियर रामद्वारा केलवा, तह.राजसमंद अपना नाम बदलकर मुकेश भार्गव Mukesh Bhargav रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना जावे।

प्रतियोगिता शुरू

कपासन, (निसं)। माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वावधान में किक्रेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को किया गया। पं दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम पर आयोजित महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का मैच माहेश्वरी सनराइजर्स टीम तथा माहेश्वरी चेलेंजर्स टीम के मध्य खेला गया।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द (राज.)

Email : np_ntd@yahoo.in Phone : 02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/1478 **-:आपत्ती सूचना:-** दिनांक : 6/5/2025

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्रीमती भगवतीदेवी पालीवाल पत्नि श्री रामचन्द्र पालीवाल, मेहन्दुरीया, दरिबा, रेलमगरा	भुखण्ड संख्या-06 क्षेत्रफल -1620 वर्गफिट, जयश्री कॉलोनी, कनवा, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या -07	भूखण्ड संख्यी -05	30 फीट रोड	कृषि भूमि

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द (राज.)

Email : np_ntd@yahoo.in Phone : 02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/2406 **-:आपत्ती सूचना:-** दिनांक : 22/05/2025

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्रीमती राज श्री सनाढ्य पत्नि श्री जुगल किशोर सनाढ्य एवं सावन सनाढ्य पिता जुगल किशोर सनाढ्य, वल्लभपुरा, नाथद्वारा	क्षेत्रफल -864 वर्गफिट, सुन्दर विलास, वल्लभपुरा, नाथद्वारा	गली व बालेन्दुजी का मकान मकान	लक्ष्मी नारायण जी की दुकान व मकान	स्वयं का मकान	रास्ता 120 फिट रोड़

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-न.पा.फ.स./2025-26/516 दिनांक:- 22.05.2025

-: लोक सूचना :-

(1) श्री नितेश पहाडीया पिता श्री मदन लाल जी पहाडीया, निवासी सनवाड, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.) (2) श्री शिवम कृष्णावत पिता श्री सुवीर सिंहजी निवासी फतहनगर, तहसील मावली, जिला-उदयपुर (राज.)ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात:-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्रफल
तहसील-मावली जिला-उदयपुर (राज.)	राजस्व ग्राम -फतहनगर, पटवार हल्का -फतहनगर	279,280 कुल किता 02	रकबा 0.5099 हैक्टेयर यानी 54865.24 वर्गफीट यानी 6096.13 वर्गगज यानी 5099 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी ,नगर पालिका फतहनगर, सनवाड़

क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल LiFE

(एफ 470 यू.सी.सी.आई. भवन के पास, मेवाड औद्योगिक श्रेत्र, माद्डी) उदयपुर (राज.)

E-Mail ID: rorpcbudaipur@gmail.com, फोन-2491269

RPCB/RO U/UDR/320/Rajkaj Ref. no. 15449776 दि.:21/5/2025

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिये आम सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स हवेली मार्बल प्रा. लि. M.L. न. 23/2023 (क्षेत्रफल 4.0598 हैक्टेर) "क्वार्ट्ज, फैल्डसपार व मेसेनरी स्टोन ग्राम मावदा, तहसील-गिर्वा (कुराबड), जिला- उदयपुर प्रस्तावित परियोजना क्वार्ट्ज, फैल्डसपार व मेसेनरी स्टोन (M.L. न. 23/2023) (क्षेत्रफल 4.0598 हैक्टेर) उत्पादन परियोजना क्षमता 2,85,714 टन प्रतिवर्ष (रोम) का प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया है तथा परियोजना की पर्यावरणी स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई बाबत आवेदन किया गया है। 2. और चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना सं. एस.ओ. 1533 दि.14.9.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है। 3. उक्त परियोजना से सबन्धित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) निम्नांकित कार्यालयों पर उपलब्ध हैं (1) कार्यालय जिला कलक्टर, उदयपुर (2) सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय 4 संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी, जयपुर (3) क्षेत्रीय कार्यालय वन, पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ए-216, अरन्य भवन संस्थानिक क्षेत्र झालाना डुंगरी, जयपुर। (4) क्षेत्रीय कार्यालय वन एंव पर्यावरण मंत्रालय, केन्द्रीय भवन, 5 वां तल, सेक्टर एच, अलीगंज लखनऊ (उ.प्र) (5) मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद उदयपुर (6) उपखण्ड अधिकारी, तहसील-गिर्वा (कुराबड) जिला उदयपुर (7) सरपंच ग्राम मावदा, तहसील-गिर्वा (कुराबड), जिला- उदयपुर (8) निदेशक, पर्यावरण विभाग, कमरा संख्या 8240 द्वितिय तल, उ-प (एसएसओ) भवन, सचिवालय, जयपुर। (9) क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ 470 यू.सी.सी.आई. भवन के पास, मेवाड औद्योगिक श्रेत्र, माद्डी) उदयपुर अतः सर्वसाधारण को नोटिस के माध्यम से इतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बन्धित लोक सुनवाई **दि. 26.06.2025 (गुरुवार) को प्रातः 1 बजे अटल सेवा केन्द्र सुलावास, त. गिर्वा (कुराबड), जिला उदयपुर** में उपस्थित होकर अपने सुझावद प्रस्तुत कर सकते है। साथ ही इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर में भी प्रस्तुत किये जा सकते है। **क्षेत्रीय अधिकारी रा.रा.प्र.नि.म., उदयपुर**

क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल LiFE

(एफ 470 यू.सी.सी.आई. भवन के पास, मेवाड औद्योगिक श्रेत्र, माद्डी) उदयपुर (राज.)

E-Mail ID: rorpcbudaipur@gmail.com, फोन-2491269

RPCB/RO U/UDR/316/Rajkaj Ref. no. 15449730 दि.:21/5/2025

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिये आम सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स हवेली मार्बल प्रा. लि. M.L. न. 24/2023 (क्षेत्रफल 1.0527 हैक्टेर) "क्वार्ट्ज, फैल्डसपार व मेसेनरी स्टोन ग्राम मावदा, तहसील-गिर्वा (कुराबड), जिला- उदयपुर प्रस्तावित परियोजना क्वार्ट्ज, फैल्डसपार व मेसेनरी स्टोन (M.L. न. 24/2023) (क्षेत्रफल 1.0527 हैक्टेर) उत्पादन परियोजना क्षमता 1,00,000 टन प्रतिवर्ष (रोम) का प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया है तथा परियोजना की पर्यावरणी स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई बाबत आवेदन किया गया है। 2. और चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना सं. एस.ओ. 1533 दि.14.9.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है। 3. उक्त परियोजना से सबन्धित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) निम्नांकित कार्यालयों पर उपलब्ध हैं (1) कार्यालय जिला कलक्टर, उदयपुर (2) सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय 4 संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी, जयपुर (3) क्षेत्रीय कार्यालय वन, पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ए-216, अरन्य भवन संस्थानिक क्षेत्र झालाना डुंगरी, जयपुर। (4) क्षेत्रीय कार्यालय वन एंव पर्यावरण मंत्रालय, केन्द्रीय भवन, 5 वां तल, सेक्टर एच, अलीगंज लखनऊ (उ.प्र) (5) मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद उदयपुर (6) उपखण्ड अधिकारी, तहसील-गिर्वा (कुराबड) जिला उदयपुर (7) सरपंच ग्राम मावदा, तहसील-गिर्वा (कुराबड), जिला- उदयपुर (8) निदेशक, पर्यावरण विभाग, कमरा संख्या 8240 द्वितिय तल, उ-प (एसएसओ) भवन, सचिवालय, जयपुर। (9) क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ 470 यू.सी.सी.आई. भवन के पास, मेवाड औद्योगिक श्रेत्र, माद्डी) उदयपुर अतः सर्वसाधारण को नोटिस के माध्यम से इतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बन्धित लोक सुनवाई **दि. 26.06.2025 (गुरुवार) को प्रातः 11 बजे अटल सेवा केन्द्र सुलावास, त. गिर्वा (कुराबड), जिला उदयपुर** में उपस्थित होकर अपने सुझावद प्रस्तुत कर सकते है। साथ ही इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर में भी प्रस्तुत किये जा सकते है। **क्षेत्रीय अधिकारी रा.रा.प्र.नि.म., उदयपुर**

भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

■ पचास मीटर लंबा तिरंगा झंडा बना आकर्षण का केन्द्र

बांसवाड़ा, (निसं)। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित तिरंगा अभियान यात्रा में लोगों का देष के प्रति जबरदस्त प्रेम हिलोरे लेता नजर आया।

हाथों में तिरंगा लिए हर सांस मानो गा रही हो दे सलामी इस तिरंगे को जिसमें तेरी षान है, सर हमेशा उचा रखना इसका जब तक दिल में जान है। शहर के कुशलबाग मैदान के पास भाजपा के पुराने कार्यालय के बाहर जनमैदीनी उमड़ती नजर आयी। युवाओं का जोश देखते ही बनता था। जिले के पूर्व सैनिकों को ही मंचासीन किया गया। हम सेना के साथ, ऑपरशन सिंदूर के साथ जैसे नारों की गूंज कर्णप्रिय हो गई। मंचासीन पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया जिसमें मुकुल दीक्षित, ठाकुर लाल बोरा, विनोद चौबे, कमलप्रकाष, जयप्रकाष, कन्हैयालाल, लक्ष्मणदास, ओमप्रकाष, देवीलाल डामोर, लक्ष्मणदास मेठानी, मांगीलाल, रमेष मीणा, हेमंत भोई आदि शामिल रहे। जिनका स्वागत शहर के सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों नवनीत शुक्ला, नारायण सोलंकी, दक्षा उपाध्याय, मोहन पंड्या, नरोतम पण्डया, गोमतीशंकर पंड्या, शरद त्रिवेदी, कन्हैयालाल वर्मा, कमल प्रकाश शर्मा, ग्यारसीलाल, देवीलाल डामोर, मंगल माली, श्रवण सिंह आदि ने किया। पूर्व मंत्रियों से लेकर भाजपा के सभी पदाधिकारी सेना के सम्मान में मंच की जगह आम नागरिक बन कर कार्यक्रम में सम्मिलित रहें। संचालन कवि सतीश आचार्य ने किया। बैंड से राष्ट्रभक्ति की धुन पर तिरंगा यात्रा षुरू हुई जिसका शहर के विभिन्न मार्गो पर पुश्प वर्शा कर स्वागत किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में बने शहीद स्मारक पर षहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। पूर्व पार्शद सोनिया वैश्णव ने गीत की प्रस्तुति दी वहीं गायत्री षर्मा, षीतल भंडारी, कृश्णा कटारा आदि के दल ने देषभक्ति के गीतों की प्रस्तुति दी वहीं युवाओं ने सैनिकों का सम्मान करते हुए सेना के समर्थन में नारेबाजी की।

पूर्व राज्य मंत्री भवानी जोशी जो कई दिनों से स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं तिरंगा यात्रा के आयोजन पर वह अपने आप को रोक नहीं सके। लगभग डेढ़ महीने बाद वे गांधी मूर्ति पहुंचे और तिरंगा यात्रियों पर पुश्प वर्शा की। उनके साथ पूर्व जिलाध्यक्ष ओम पालीवाल, जिला मंत्री सुनील दोसी भी मौजूद रहे। शहर वासियों ने पुराना बस स्टैंड, गांधी मूर्ति, चंद्रपॉल गेट, पीपली चौक, आजाद चौक, पाला रोड, नई आबादी, हॉस्पिटल चौराहा आदि स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया।

तिरंगा यात्रा में पचास मीटर लंबा तिरंगा झंडा आकर्शण का केन्द्र बना। तिरंगा उठाए युवा देश भक्ति एवं भारतीय सेना के अदम्य पराक्रम पर नारे लगाते उत्साह से चल रहे थे। वहीं जगह-जगह लोगो ने सैल्फी भी ली। पचास मीटर लंबा तिरंगे के दोनों और भी लोगो के हाथों में तिरंगे जोष और जुनून को बडाते नजर आए। यात्रा में स्काउट गाइड के स्वयं सेवको के साथ बोहरा समाज, धार्मिक संगठन के प्रतिनिधियों सहित भाजपा जिलाध्यक्ष पूंजीलाल गायरी, गढ़ी विधायक कैलाश मीणा, जिला प्रभारी दिनेश भट्ट, पूर्व मंत्री महेंद्र जीत सिंह मालविया, धन सिंह रावत, पूर्व सांसद मानशंकर निनामा, डॉ पंकज बोराना, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोहर पटेल, मनोहर त्रिवेदी, लाभचंद पटेल व गोविंद सिंह राव, जिला संयोजक नरेंद्र वैष्णव, सह संयोजक तपन मेघावत, पूर्व विधायक हरेंद्र निनामा, कृष्णा कटारा, खेमराज गरासिया, धर्मेंद्र राठौड़, राजेंद्र प्रसाद पंचाल, मुकेश रावत, हकरू मईडा, राजेश कटारा, कांतिलाल अहारी, प्रधान बलवीर रावत, काहेंग रावत, जितेंद्र अहारी, जिला महामंत्री दीप सिंह वसुनिया, संजय पंड्या, जिला उपाध्यक्ष महावीर बोहरा, मनोजसिंह चौहान, गायत्री शर्मा, भेमजी पाटीदार, मणिलाल गुर्जर, दीपक जोशी, मुकेश द्विवेदी, जिला मंत्री राजेंद्र गर्ग, यदुनाथ सिंह चुंडावत, चंद्रकांत खोड़निया, लक्ष्मी दत्त उपाध्याय, पंकज मालोत, अनिल पटेल, सरदार पारगी, नरेश पाटीदार, शीतल भंडारी, परमेश्वर मईडा, शांतिलाल बुनकर, संजय कलाल, दिनेश राणा, युगल उपाध्याय, जगमाल सिंह, भीम सिंह दोसी, गौरव सिंह राव, मिलन पंड्या, मंडल अध्यक्ष हेमंत पंड्या, योगेश भट्ट, महेंद्र वैष्णव, महेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह चंद्रावत, नाथु सोलंकी, गौरीशंकर मईडा, कन्हैयालाल डिंडोर, हितेश पाटीदार, प्रकाश मईडा, लाल सिंह पटेल, ओम प्रकाश सुथार, मनीष मछार, प्रकाश डामोर, सुरेश राठौड़, राजेंद्र सिंगाड़ा, राकेश वड़खिया, रमनलाल गरासिया, सुरेश पंड्या, निलेश जैन, मनोहर व्यास, दिलीप निनामा, रणछोड़ सोलंकी, दिलीप अधिकारी, सोनिया वैष्णव, श्यामा राणा, भवानी निनामा, खातूदास पारगी, रामलाल कटारा, दिलीप अधिकारी, कन्हैयालाल बुनकर, रावजी मईडा, गंगाराम तेली, महेंद्र सिंह, धीरज मेहता, कल्पेश सेवक, अशोक शर्मा सहित आम जन शामिल रहे।

पूर्व सैनिकों ने कांगेस नेता राहुल गांधी और खरगे के बयानों को शर्मनाक बताया वहीं भाजपा द्वारा दिए गए सम्मान पर आभार जताया। मुकूल दिक्षीत ने कहा संवानिवृति के 32 सालों में पहली बार ऐसा सम्मान मिला है। आज सेना को आजादी मिली है पहले हाथ बंधे थे। कन्हैयालाल ने कहा आज पूरा विष्व भारतीय सेना का शोर्य और पराक्रम देख अचंभित है। उन्होने कहा कि स्थानीय लोगो में सेना में सेवा के प्रति आकर्शण जगाना होगा। राहुल और खरगे के बारें में पूछे जाने पर कन्हैयालाल ने कहा कि ये सिर्फ गुमराह कर रहे हैं और विदेषों में जा रहे हैं। यह दुर्भाग्य है कि कुछ लोग ऐसे नेताओं को प्रधानमंत्री के रूप में देख रहे हैं। अन्य सेवानिवृत्त सैनिक ने बताया कि आज देष आगे बढ़ रहा है। पहले गोली नहीं चलाने की मजबूरी थी लेकिन अब वक्त पर जवाब देने से सीमाएं भी मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को पद छोड़ देना चाहिए।

चिकित्सा शिविर में 972 रोगियों ने लिया लाभ

■ 5 नागरिकों ने मरणोपरांत नेत्रदान व 1 जने ने सम्पूर्ण देहदान का लिया संकल्प

राजसमंद, (निसं)। भारत विकास परिषद जिला शाखा की ओर से गुरूवार को शहर के बालकृष्ण विद्या भवन राउमावि परिसर में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज उदयपुर के सहयोग से विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष महेंद्र कोठारी ने बताया की पेसिफिक मेडिकल कॉलेज उदयपुर के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के सहयोग से विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

चिकित्सा शिविर प्रभारी संदीप धारीवाल ने बताया की प्रातः 9 बजे से ही रोगियों का आना प्रारंभ हो चुका था और उद्घाटन के समय से पूर्व ही चिकित्सा शिविर स्थल पर परामर्श एवं जांच के लिए रोगियों से खचाखच भर चुका था। शिविर का उद्घाटन परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, प्रांतीय वित्त सचिव अमित सोनी, समाजसेवी गिरीश अग्रवाल, जिला गौ सेवा समिति अध्यक्ष जेठूसिंह राजपुरोहित, प्रांतीय पदाधिकारी वन्दना बाबेल एवं सोनिया बंग, शाखा संरक्षक दिनेश मित्तल, परिषद शाखा अध्यक्ष महेंद्र कोठारी, सचिव सुरेन्द्र जैन, वित्त सचिव विनोद मेहता, महिला सहसंयोजिका चन्दा देवपुरा सहित अन्य अतिथियों एवं परिषद के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मोली खोल कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलन एवं वन्देमातरम गायन एवं अतिथिय सम्मान के साथ शिविर का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर चिकित्सा शिविर के भामाशाहों संदीप धारीवाल, हरीभगवान बंग, विष्णु बंग को स्मृति चिन्ह भेंट कर पाग, तिलक एवं उपरना ओढाकर सम्मान किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ, मिठालाल शर्मा, लिलेश खत्री, मांगीलाल कुमावत, नर्बदाशंकर पालीवाल, पूर्व नगरपरिषद सभापति अशोक रांका, द्वारकाधीश मंदिर के ट्रस्टी जयेश भाई शाह, लाभचंद बोहरा, नवीन चोरडिया, एडवोकेट भरत पालीवाल, सुशील बडाला सहित शहरवासीमौजूद थे। संचालन प्रमोद सोनी ने किया।

शाखा सचिव सुरेन्द्र जैन ने बताया की शिविर में उदयपुर संभाग के प्रसिद्ध एवं पेसिफिक मेडिकल कॉलेज के 12 विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं अन्य डॉक्टर्स की टीम ने रोगियों की जांच कर आवश्यकतानुसार उचित परामर्श दिया। शिविर में विभिन्न रोगों के लिए परामर्श सहित खून की सामान्य जांचे शुगर, कोलेस्ट्रोल, लीवर, किडनी, थाइरोइड, यूरिक एसिड सहित ईसीजी, ब्लड प्रेशर आदि जांचे निःशुल्क की गई। साथ ही सभी रोगियों को उपलब्धतानुसार आवश्यक दवाईंया भी निःशुल्क दी गई। उन्होंने बताया की शिविर में जांच के बाद गंभीर रोगों के उपचार के लिए चयनित रोगियों का पेसिफिक हॉस्पिटल में विभिन्न जांचे एवं ऑपरेशन आदि निःशुल्क किया जाएगा। चिकित्सा शिविर प्रभारी संदीप धारीवाल ने बताया की शिविर में चिकित्सा परामर्श के लिए 972 रोगियों ने निःशुल्क पंजीयन करवाकर परामर्श, जांच एवं निःशुल्क दवाइयों का लाभ लिया।

अवैध डोडा चूरा जब्त

कपासन, (निसं)। थाना पुलिस ने गश्त के दौरान स्कोर्पियो गाड़ी से 466.360 किलो अवैध डोडाचूरा जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक चित्तौडगढ़ सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ कार्यवाही के तहत एएसपी सरितासिंह के निर्देशन व डीएसपी कपासन हरजी लाल यादव के सुपरविजन मेंथाना कपासन के जाप्ता उप निरीक्षक गोवर्धन सिंह, एएसआई शंकर लाल, राजेश, सहदेव, बद्रीलाल, वेदप्रकाश व राजेश द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त की जा रही थी।

अहिल्याबाई होलकर का जीवन त्याग, सेवा न्याय व धर्म की प्रेरणा का प्रतीक : चंद्रकांता मेघवाल

उदयपुर, (कासं)। रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जन्म जयंती पर गुरुवार को भाजपा पटेल सर्किल कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल थी। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल ने कहा की पूरा राष्ट्र रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जन्म जयंती राष्ट्रीय क्रांति के पखवाडे के रूप में मनाने जा रहा है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता समर्पित रूप से लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर एक कुशल संगठक, शासक व धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। वर्ष 1754 में उनके पति के निधन होने पर उन्हें महारानी का पद मिला,18 वी सदी में विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने शिक्षा,गरीबी,किसानो के हित,छुआछूत एवं महिला कुरीतियों के क्षेत्र में काम किया। विशेष तौर से सनातन धर्म के लिए उन्होंने बहुत ही कार्य किया जिसमें मंदिर जीर्णोद्वार महत्वपूर्ण कार्य है जिनमें बद्रीनाथ,केदारनाथ के साथ ही बहुत सारे मंदिर आते है।उन्होंने अपने शासनकाल में भ्रष्टाचार पर ऐसा अंकुश लगाया जिसकी प्रशंसा कई इतिहासकारों ने अपने पुस्तकों में की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्य शैली भी महारानी अहिल्याबाई होल्कर से मिलती है।वर्तमान परिस्थितियों में हम सबकोअहिल्याबाई के पद चिन्हो पर चलकर सुदृढ राष्ट्र निर्माण का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जीवन त्याग,सेवा न्याय और धर्म की प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने उस युग में एक महिला होते हुए भी जिस साहस, विवेक और न्यायप्रियता से शासन किया वह आज के नेतृत्व के लिए मार्गदर्शक है।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि रानी अहिल्याबाई वह धर्म समाज और राष्ट्र की त्रिवेणी थी हमें उनके पद चिन्हो पर चलना चाहिए जिसकी वर्तमान परिस्थितियों मे आवश्यकता है।

अवैध गांजा व बाइक जब्त

उदयपुर ,(कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध गांजे सहित बाइक जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त ुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी श्यामसिंह के नेतृतव में गठित दल ने तलाशी अभियान के दौरान बाइक सवार दो व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया तो बाइक छोड़ कर भागने लगे। पुलिस ने एक जने को दबोच कर अवैध गांजा बरामद किया।

ईश्वर को प्राप्त करने का माध्यम है योग : प्रो. सारंगदेवोत

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ विवि के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के पीजी डिप्लोमा इन योग के विद्यार्थियों की ओर से आयोजित विदाई समारोह का शुभारंभ कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने किया।

समारोह में योग विद्यार्थियों ने योग की विभिन्न मुद्राओं को प्रस्तुत कर सभी को रोमांचित कर दिया। अतिथियों द्वारा सभी विद्यार्थियों का उपरणा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि योग ईश्वर को प्राप्त करने का माध्यम माना गया है। प्राचीनकाल से ही भारत में योग की परम्परा रही है, पूरे विश्व में योग भारत की ही देन है। इस अवसर पर डॉ. रचना राठौड़, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. ममता कुमावत, सवाराम डांगी, डॉ. सुभाष पुरोहित सहित महाविद्यालय के अकादमिक, गैर अकादमिक कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन भानुप्रिया आमेटा आभार योग समन्वयक डॉ. रोहित कुमावत ने जताया।

विद्युत चोरी के 62 प्रकरण दर्ज, 15 लाख जुर्माना

उदयपुर, (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड उदयपुर की सतर्कता टीमों ने अधीक्षण अभियंता के.आर. मीना के निर्देशन में दीवान शाह कॉलोनी, खाँजी पीर क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए विद्युत चोरी के 62 प्रकरण दर्ज किए गए जिसमें लगभग 15 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया। मौके पर सतर्कता टीम द्वारा अवैध केबलों को उतारा गया।

अधीक्षण अभियन्ता मीना ने बताया कि निगम की तरफ से कच्ची बस्तियों एवं कमजोर आय वर्ग हेतु सरकार ने पहले से ही रियायती दरों पर विद्युत कनेक्शन देने की व्यवस्था की हुई है। इसके अतिरिक्त उक्त क्षेत्र में पूर्व में भी अनेक बार शिविर लगाकर कनेक्शन दिए गए हैं व समय-समय पर निवासियों को समझाइश कर कनेक्शन लेने हेतु प्रेरित किया जाता रहा है, इसके बावजूद दीवान शाह कॉलोनी, खांजी पीर क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध कनेक्शन लेकर विद्युत चोरी की शिकायतें मिल रही थी। इस पर सतर्कता टीम द्वारा दलबल के साथ पुलिस प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कार्यवाही की गई। अधीक्षण अभियन्ता ने बताया कि अवैध कनेक्शनध